कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 06.08.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में
## 'मिशन लक्ष्मी' के तत्वाधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं जांच शिविर का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में बीएसपी सीएसआर के 'मिशन लक्ष्मी', वोमेन एंड विशाखा सेल एवं यूथ रेडक्रॉस के तत्वावधान से स्वस्थ जागरूकता कार्यक्रम एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि छात्राओं स्वस्थ के प्रति जागरूक करने हेतु इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते है।

मुख्य आथिति डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, सीएमओ, जे. एल. एन. हॉस्पिटल सेक्टर – 9, भिलाई ने इस जागरूकता कार्यक्रम एवं जाँच शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सम्बिता पंडा ,विभागाध्यक्ष, पीडियाट्रिक्स ने स्तनपान के महत्व, डॉ. उषा श्रीवास्तव ने प्राथमिक चिकित्सा, श्रीमती प्रोमिता दास गुप्ता ने संतुलित आहार, डॉ. स्वाति शुक्ला चिकित्सा आधिकारी ने स्त्री रोगों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने एचआईवी / एड्‌स की गंभीरता बताई एवं उन्होंने छात्राएँ को वालेंटियर बनकर इस जागरूकता कार्यक्रम का विस्तार समाज में करने का आह्‌वाहन किया। जाँच शिविर में पेप स्मीयर, सिकिल सेल, हीमोग्लोबीन, ब्लड ग्रुपिंग टेस्ट किया गया।

इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्री संजय दावे, डॉ शुभस्मिता पटनायक, चीफ काउन्सलटेंट, डॉ सोनालीका, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव , डॉ मोनिया राकेश सिंह ,श्रीमती वंदना बंजारे, डॉ. चाँदनी अफ़साना, डॉ. पदमा रानी, डॉ सीमा कालरा, सुश्री श्रद्धा वर्मा, सुश्री शशि सिंह, सुश्री गुंजन ठाकुर, सुश्री अनेंति, सुश्री सरिता चौधरी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती लता मिश्रा, कॉर्डिनेटर मिशन लक्ष्मी एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री तबस्सुम ने किया ।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
**प्राचार्य**
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# रेडक्रॉस के तत्वाधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




